# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु
# सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश-272202

## दीक्षोत्सव कार्यक्रम

**2026**

## हमारी प्रेरणा श्रोत-



# श्रीमती आनंदीबेन पटेल

माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश सम्प्रति कुलाधिपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु



कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय प्रो कविता शाह माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी का अभिनन्दन करते हुए।

# दीक्षोत्सव कार्यक्रम

श्री राज्यपाल सचिवालय उत्तरप्रदेश लखनऊ  के पात्र संख्या  -ई-3450/32-जी ० एस० /2023-XIX दिनांक 30 मई 2026 के अलोक में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के दीक्षांत की तिथि  निर्धारित हुई है किन्तु उससे पहले दीक्षोत्सव मनाये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है।

माननीय कुलाधिपति के निर्देश के क्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जिनका विवरण निन्म प्रकार से है।

**05-06-2026**

1. विश्व पर्यावरण दिवस

दीक्षोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय कुलपति प्रो कविता शाह के निर्देशन में 05 जून 2026 से प्रारम्भ किया गया।   पर्यावरण दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी की अपील के अनुसार सम्पूर्ण प्रदेश में "एक पेड़ माँ के नाम " अभियान के अंतर्गत सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में मियावाकि फारेस्ट हेतु सभी शिक्षक , कर्मचारी एवं छात्रों द्वारा एक पेड़ रोपित किया गया।  माननीय कुलपति जी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया की सभी अपने लगाए हुए पेड़ की देखभाल भी करेंगे।  इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को प्लास्टिक मुक्त रखा गया। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे प्रारम्भ हुआ, जिसमें 76 लोगों ने प्रतिभाग किया।



एक पेड़ माँ के नाम – माननीय कुलपति प्रो कविता शाह के नेतृत्व में पेड़ लगाने जाते अधिष्ठाता, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक - साथ में सभी छात्र छात्राएं




पेड़ लगाओ मियावाकि फारेस्ट बनाओ अभियान




कैडेट्स और स्कॉलर्स पेड़ लगाते हुए




शिक्षक और कर्मचारी गण- एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शामिल



सभी कर्मचारी और छात्र प्रसन्नता पूर्वक अभियान में शामिल हुए




NCC कैडेट्स के साथ माननीय कुलपति जी

2. **Award for highest marks in School -**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्थानीय विद्यालयों के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय आमंत्रित किया गया और उन्हें कार्यक्रम में पुरुस्कार प्रदान किये गए। उनके शिक्षकों का भी सम्मान किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह माननीय कुलपति जी द्वारा प्रदान किये गए।




कार्यक्रम का सञ्चालन करती शोध छात्रा



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राएं , शिक्षक , प्रधानचार्य एवं अधिकारी गण




कुलपति जी का स्वागत करती प्रो नीता यादव




प्रधानाचार्य भेंट स्वीकार करते




स्कूल के छात्रों को विश्वविद्यालय के भ्रमण  सम्बन्धी सूचना प्रदान करती प्रो नीता यादव , अधिष्ठाता छात्र कल्याण




सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान







सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं का सम्मान करती माननीय कुलपति प्रो कविता शाह




स्कूल के छात्रों का विश्वविद्यालय में हार्दिक सम्मान एवं अभिनन्दन



छात्राएं माननीय कुलपति जी से  पुरुस्कार प्राप्त करती हुई




अपने पुरुस्कार को दिखाती छात्राएं

3. **Logo Competition**- विश्वविद्यालय के दीक्षांत कार्यक्रम हेतु लोगो निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बेहतरीन लोगो निर्मित किये जिनमें से सबसे सुन्दर लोगो का लोकार्पण माननीय कुलपति जी एवं कुलसचिव द्वारा किया गया। लोगो निर्माण करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया।छात्रों द्वारा निर्मित लोगो में से चार विजेता माननीय कुलपति जी द्वारा चुने गए उन्ही में से एक को विश्वविद्यालय के दीक्षांत लोगो के रूप में चुना गया।




Ajay Chaurasiya B.Com 3rd year - I prize Rs (2100/-)










Archi Modanwal B.A I Year Shivanshu Chaurasiya BBA IIY Ashok Prajapati BALL.B I Y

| | | |
|---|---|---|
| II Prize | III Prize | III Prize |
| ( 1500/-) | (1000/-) | (1000/-) |




लोगो का अनावरण करती माननीय कुलपति, कुलसचिव, अधिष्ठाता शैक्षणिक , अधिष्ठाता छात्र कल्याण, परीक्षा नियंत्रक

4. **Painting Competition** चित्रकला प्रतियोगिता - छात्रों को उनके पसंद के विषय पर चित्रकला बनाने का अवसर प्रदान किया गया। कई सुन्दर चित्र छात्रों द्वारा प्रस्तुत किये गए। चित्रकला प्रतियोगिता के छात्रों को पुरुस्कार भी प्रदान किये गए।






छात्रों को पुरुस्कार वितरित  करते प्रो सत्येंद्र कुमार दुबे और डा देव बक्श







छात्रों को पुरुस्कार वितरित  करते प्रो सत्येंद्र कुमार दुबे और डा देव बक्श




माननीय कुलपति जी के साथ विजेता छात्राएं

5. **Essay Competition** निबंध प्रतियोगिता -निबंध प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया जिसमें स्कूल के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता के शीर्षक थे -
   a. भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था
   b. राज्य सर्कार के दो अच्छे कार्य
   c. केंद्र सर्कार के दो अच्छे कार्य




निबंध लिखते छात्र छात्राएं




निबंध लिखते छात्र छात्राएं

Name → Akanksha Sahani

I[st]

~~Class~~ School → Buddh Vidya Peeth Inter College

Class → 12th

Topic : केंद्र ~~राज्य~~ सरकार के दो कार्य

प्रस्तावना :- हमारे केंद्र सरकार द्वारा पर्यावरण के संबंध में कई कार्य ऐसे किए गए हैं जो हमारे लिए वर्तमान समय में बहुत महत्वपूर्ण हैं। केंद्र सरकार द्वारा ऐसे कई योजनाये चलाए गए हैं जिससे हमारा भारत एक कुशल भारत हो।

केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए योजनाये :—

केंद्र सरकार ने कहा है कि यदि आप एक वृक्ष काटते हैं तो उसके बदले दो वृक्ष लगाए जिससे हमारे पृथ्वी का संतुलन बना रहे। हम प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाते हैं इसका मात्र इतना ही अर्थ नहीं है कि केवल पर्यावरण दिवस के दिन ही हम पेड़ लगाए। हमें हमेशा पेड़ लगाते रहना चाहिए।

यदि कोई वृक्ष को काटता है तो हमें उसे वृक्ष काटने से रोकना चाहिए। ~~यदि~~ जैसे कि हमें अपने जन्म दिवस पर प्रत्येक वर्ष एक-एक पेड़ लगाना चाहिए। यदि हम अधिक से अधिक पेड़ लगायेंगे तो हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहेगा। प्रचुर मात्रा में $O_2$ उपलब्ध रहेगा किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं रहेगी।

सरकार द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए कई विभिन्न योजनाये चलायी जा रही हैं।
यदि वर्तमान समय में हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो आने वाले भविष्य में भी इसका लाभ होगा।

उपसंहार :—

यदि हम प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करेंगे तो हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहेगा। कूड़े-कचरे को इधर-उधर न फेंककर बल्कि कूड़ेदान में डाले।
सूखे-कचरे को अलग और गीले कचरे को अलग डालें।
मिट्टी के अंदर यदि सब्जी के छिलका इत्यादि हैं तो उसे उसके अंदर डाले जिससे उसकी उर्वरक क्षमता बढ़ सके।

प्रत्येक वर्ष भारत सरकार द्वारा चलायी गई योजना स्वच्छ भारत स्वच्छ मिशन का हम कार्यक्रम 02 अक्टूबर 2015 को प्रारंभ हुआ। इसे हम प्रत्येक वर्ष मनाते हैं।

Akansha Sahani Class XII

नाम :- काजल गुप्ता    कक्षा :- 11th

विद्यालय :- नव ज्योति सिद्धार्थ इण्टर कॉलेज।

## देश का आर्थिक विकास :-

रूपरेखा :- (1) प्रस्तावना (2) देश का आर्थिक विकास कैसे हो सकता है। (3) देश के आर्थिक विकास के लिए मुख्य बातें। (4) हमारे देश का आर्थिक विकास कैसे हो सकता है। (5) निष्कर्ष।

(1) प्रस्तावना :- हमारे देश का आर्थिक विकास बहुत अच्छे से हो सकता है, यदि प्रत्येक व्यक्ति दिन-प्रतिदिन अच्छे कामों को करे, तो यदि वो प्रतिदिन पेड़ों में पानी डाले, प्लास्टिक चीजों का उपयोग कम करें, तो हमारे भारत देश का आर्थिक विकास होना संभव है।

(2) देश का आर्थिक विकास कैसे हो सकता है :-

यदि हमारी भारत सरकार प्रतिदिन व्यक्तियों को अच्छे कामों के लिए प्रेरित करे, तो अर्थात् जैसे- प्रतिदिन पेड़ों और पौधों में व्यक्ति पानी को डाले और पेड़ों को काटने के लिए उनको प्रेरित करें, कि हमें पेड़-पौधों को नहीं काटना चाहिए, तो शायद सच में हमारे देश का आर्थिक विकास पूर्ण रूप से हो सकता है।

(3) देश के आर्थिक विकास के लिए मुख्य बातें :-

हमें प्लास्टिक वस्तुओं का कम उपयोग करना चाहिए।

हमें अपने पर्यायवरण को दूषित नहीं करना चाहिए।

हमें वनों का कटाव नहीं करना चाहिए।

हमें अपनी सुविधाओं के लिए पेड़ो को नहीं काटना चाहिए।

Kajal Gupta Class XI , Nav Jyoti Vidyalaya, Siddharthnagar

नाम- सूरज   कक्षा - 10th   विद्यालय - रा०इं०कॉ० दुल्हा शुमाली

प्र०- राज्य सरकार के दो महत्वपूर्ण कार्य?

उ०:-

(i) कानून व्यवस्था और सुरक्षा पर जोर :-

(ii) सड़क और संरचना :-

(i) कानून व्यवस्था और सुरक्षा पर जोर :-

हमारे राज्य का कानून काफी सख्त और मजबूत हैं। हमारे राज्य में तुरंत न्याय मिलता हैं। और अपराधियों को तुरंत सजा मिलती हैं। अवैध जमीन पर बने घरों को गिराया जा रहा हैं। हमारी माँ, बहने सुरक्षित हैं। हमारे राज्य में व्यापारी भी सुरक्षित हैं। हमारे राज्य में सभी नागरीक स्वतंत्र हैं। और उन्हे कार्य करने की आजादी हैं।

(ii) सड़क :- हमारे राज्य मे अच्छी-2 सड़के बनी हैं। जिससे राज्य की आर्थिक विकास हो रहा हैं। कोई बीमार होता हैं, तो वाहन से आने-जाने में कोई तकलीफ नहीं होती हैं। व्यापारी अपने समान को अच्छे तरीके से यहा-वहा ले जा पा रहे हैं।

Suraj Class X, Rajkiya Inter college Dulha Sumali

Name — Janvi kasaudhan

Class — 11th

School Name :— Nav Jyoti siddharth Inter Collage
Birdpur Siddharth nagar

## भारत मे आर्थिक विकाश :—

रूपरैखा :— प्रस्तावना, भारत का विकाश, भारत मे होने वाली हानिया, भारत मे क्या करने पर विकाशित हो सकता है। आदि।

प्रस्तावना :— भारत एक बहुत बड़ा देश है, जिसमें अनेक प्रकार के कार्य किये जाते है, भारत में साफ - सफाई के लिए अनेक अभियान चलाये गये है, जैसे:- स्वच्छ भारत अभियान इसके लिए कई जगह - जगह पर Dust-bean भी लगाया गया है। जिसके कारण भारत अकुछ विकाश किया है, और अनेक app भी बनवाया है, जिससे हमारा भारत विकाशित हो रहा है, और कुछ ने और ध सुधार के कारण है, इसके कारण हमारा भारत नम्बर 01 पर नहीं है, इसके कारण कुछ इस प्रकार है —

i)

### :भारत का विकाश :—

भारत में आज अनेक प्रकार के विकाशीत हुए है, यहां पर अनेक प्रकार के मोल, आदि app और अनेक प्रकार के विकाश हुआ है, इसके कारण और यहां पर विकाश हुआ और कुछ बकी है,

### —:भारत मे होने वाले हानियाँ :—

भारत मे लड़कीयों को आच्छी सुविधा, आदि चिजो का भी ध्यान ~~रखा~~ चाहिए रखना चाहिए जिससें लड़कीयों और भी आगे बढ़ सके। यहां पर सब ~~तक~~ चिजों का ध्यान रखा जाता है।

Janvi Kasudhan, Xi Nav Jayoti Siddharth Vidyalaya , Birdpur

6. **Plant identification competition** पत्तों के माध्यम से वृक्षों को पहचानो प्रतियोगिता में पादप विज्ञानं के छात्रों ने प्रतिभाग किया और सभी ने लगभग अस्सी प्रतिशत पहचान सही की लेकिन उनमें से भी कुछ छात्रों ने शत प्रतिशत सही जवाब दिए।इस प्रतियोगिता में कृष्णा प्रसाद सिद्धार्थ विश्वविद्यालय  प्रथम स्थान पर रहे , रिम्पा चौरसिया बुद्धा विद्यापीठ द्वितीय स्थान पर एवं प्रिय यादव नव ज्योति सिद्धार्थ अन्तर कॉलेज की छात्रा और खुश चौधरी बुद्ध वियपीठ तृतीया स्थान पर रहे।




पत्तों को पहचानते छात्राएं




पत्तों को पहचानते छात्राएं

7. **07-06-2026**- Sound Quiz पक्षियों की आवाज़ पहचानो प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने प्रतिभाग किया।  इसमें कुल ३० प्रतिभागिओं नै हिस्सा लिया जिसमें सम्पूर्णानन्द मौर्य नव जोति अन्तर कॉलेज दूल्हा सुमाली प्रथम स्ताहन पर रहे , अवनीश गुप्ता बुद्ध विद्यापीठ द्वितीय एवं शिवा यादव राजकीय अन्तर कॉलेज ककरहवा तृतीय स्थान पर रही।

8. **10-06-2026**- पोस्टर प्रतियोगिता -दीक्षान्तोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डा शिल्पी श्रीवास्तव और उनकी टीम के द्वारा ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया जिसमें कुल १२ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।  इस प्रतियोगिता में सोनी यादव प्रथम स्थान पर रही , द्वितीय स्थान पर अंशु अग्रहरि एवं तृतीया स्थान पर प्रतिज्ञा त्रिपाठी रही।






सोनी यादव
प्रथम

अंशु अग्रहरि
द्वितीय

प्रतिज्ञा त्रिपाठी
तृतीय















अन्य छात्रों द्वारा निर्मित पोस्टर

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 05 जून 2026  से 21 जून 2026 के मध्य, प्रदेश में समेकित जान कल्याण एवं जान जागरूकता अभियान का सञ्चालन

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर राओ मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में 7 जून 2026 को केंद्र सरकार के12 वर्ष पूर्ण हुए। इस ऐतिहासिक अवसर पर 5 जून से 21 जून के मध्य प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों , संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियां तथा जान सामान्य के जीवन में ए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु एक समेकित अभियान संचालित किया गया।  जिसमें 5 जून के आयोजन को ऊपर दर्शाया गया है तदुपरांत

9. **11-06-2026** चन्दन वाटिका में कमल पुष्पों का रोपण एवं लहलहाते पुष्प वातावरण की शुद्धता के प्रतीक



चन्दन वाटिका



बुद्ध की धरती पर शांति एवं सौम्यता का प्रतीक गुलाबी कमल पुष्प - विश्वविद्यालय परिसर में .



चन्दन वाटिका में खिलते पुष्प नैसर्गिक सौंदर्य का आनंद लेते शिक्षक एवं कर्मचारी ( ५ जून २०२६)

10. **15-06-2026** काव्य पाठ प्रतियोगिता - सिद्धारतोत्सव कार्यक्रम के अनतर्गत काव्य पाठ प्रतियोगिता का ऑनलाइन माध्यम से आयोजन दिनांक १५-०६-२०२६ को डा रेनू त्रिपाठी और उनकी सहयोगी टीम द्वारा आयोजित किया गया जिसमें कुल २६ छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अलोक कुमार स्नातक विज्ञानं के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , द्वितीय स्थान पर परास्नातक इतिहास की छात्र निकिता दुबे रही और तृतीया स्थान पर बी ऐ द्वितीय सेमेस्टर के छात्र कुशल त्रिपाठी रहे।




ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए विद्यार्थी कविता पाठ में प्रतिभाग करते हुए

11. लोक नृत्य प्रतियोगिता - लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन डा वंदना गुप्ता और उनकी टीम के दवारा ऑनलाइन मोड से संपन्न कराया गया। छात्राओं ने

ऑनलाइन लोक नृत्य प्रस्तुत किये। कुल १५ छात्रों ने प्रतिभाग किया जिया सिंह बी कॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्र प्रथम स्थान पर रही ,आँचल दुबे एम् ऐ इतिहास द्वितीय स्थान पर और निकिता दुबे एम् ऐ इतिहास तृतीया स्थान पर रही।




नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं

12. **16-06-2026** जन जागरूकता कार्यक्रम - विश्वविद्यालय स्तर पर विशेष जान जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमे योग करने की विधियां बताई गयी एवं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गयी नीतियों के बारे में बताया गया।




जन जागरूकता कार्यक्रम का सञ्चालन करते कुलसचिव डा अश्विनी कुमार शर्मा



श्रोता गण जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर




इनसेट - सम्बोधित करते कुलसचिव , योग जागरूकता में प्रतिभाग करते कर्मचारी गण



कर्मचारियों को योग के महत्व के साथ प्रायोगिक कार्य



कार्यशाला के उपरांत योग प्रशिक्षण

13. **18-06-2026** भाषण प्रतियोगिता - दीक्षोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत डा आभा द्विवेदी की टीम के द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया जिसमें दो विषय रखे गए - महिला उद्यमिता  एवं कृषि के क्षेत्र में महिलाएं। इस प्रतियोगिता में २० छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें महिला उद्यमिता में कुशल त्रिपाठी संस्कृत विभाग और शिवानी जायसवाल विधि विभाग प्रथम स्थान पर रहे, अंशु अग्रहरि विज्ञानं स्नातक द्वितीय स्थान पर रहीं और सानिया अंसारी स्नातक कला और समीक्षा यादव विधि विभाग तृतीय स्थान पर रहे। कृषि के क्षेत्र में महिलाएं  इस विषय पर प्रथम स्थान निकिता दुबे एम् ऐ प्रथम वर्ष इतिहास और द्वितीय स्थान पर प्रेमकला यादव  कला संकाय रहीं एवं तृतीय स्ताहन पर सपना कला संकाय रहीं।




भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

14. **19-06-2026** मीडिया सम्बोधन एवं संवाद-सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो कविता शाह जी ने प्रेस वार्ता कर केंद्र एवं राज्य सरकार की अद्यतन उपलब्धियों की चर्चा  की एवं विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह की तैयारी से अवगत कराया। साथ ही उनहोंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में मीडिया से जानकारी साझा की।




प्रेस वार्ता का सञ्चालन करते मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ विश्वविद्यालय डा अविनाश प्रताप सिंह एवं  मंचस्थ कुलपति , कुलसचिव, एवं परीक्षा नियंत्रक




सरकार की अच्छी नीतियों की चर्चा करती माननीय कुलपति प्रो कविता शाह



प्रेस वार्ता में उपस्थित मीडिया प्रभारी एवं न्यूज़ रिपोर्टर्स




दीक्षांत लोगो को साझा करती माननीय कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यलय



मीडिया के प्रश्नो का उत्तर देतीं माननीय कुलपति प्रो  कविता शाह

…र, 20 जून, 2026
सिद्धार्थनगर जागरण

# कुलाधिपति करेंगी शिक्षकों को सम्मानित, प्रो. मधुलिका मुख्य अतिथि

## उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र होंगे विशिष्ट अतिथि, कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल प्रदान करेंगी 37 मेधावी को स्वर्ण और 25 शोधार्थी को पीएचडी

- मौसम को देखते हुए इस बार सिवि के गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में आयोजित होगा दीक्षा समारोह
- कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल दीक्षा समारोह में बालगृह किलकारी का करेंगी लोकार्पण



सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में पत्रकारों से वार्ता करतीं कुलपति प्रो. कविता शाह (मध्य में)।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी दीक्षा समारोह की शुभकामनाएं

### प्रो. मधुलिका की ओजोन के क्षेत्र में काम से है पहचान

Youth
गोरखपुर
शनिवार, 20 जून 2026
4

# बीएचयू की प्रो. मधुलिका होंगी दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का 10वां दीक्षांत समारोह 29 को, कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी अध्यक्षता, 25 शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी की उपाधि

संवाद न्यूज एजेंसी



सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में प्रेसवार्ता करतीं कुलपति प्रो. कविता शाह। संवाद

### गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में होगा मुख्य समारोह

### चार उत्कृष्ट शिक्षकों को किया जाएगा सम्मानित

### 37 स्वर्ण पदक भी दिए जाएंगे

गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में 29 जून को होगा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का 10 वां दीक्षांत समारोह, 25 शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी की उपाधि

# दीक्षांत में 37 छात्र-छात्राओं को मिलेगा स्वर्ण पदक

पत्रकार वार्ता



सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो .कविता शाह ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय में पत्रकारों से बातचीत की।

### 25 तक चलेगा दीक्षा उत्सव

कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह से पूर्व आयोजित दीक्षा उत्सव का शुभारंभ पांच जून को हो गया है। विश्वविद्यालय परिसर में मियावाकी फॉरेस्ट पद्धति से पौधरोपण किया गया है। यह उत्सव 25 जून तक चलेगा। दीक्षा उत्सव के अंतर्गत पेंटिंग, भाषण, काव्य-पाठ, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत व निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

### कैंपस कनेक्ट पत्रिका व दीक्षांत लोगो का विमोचन

कुलपति प्रो. कविता शाह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान विश्वविद्यालय की मासिक समाचार पत्रिका कैंपस कनेक्ट के मई अंक का विमोचन किया। साथ ही विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह के आधिकारिक लोगो का भी औपचारिक लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि यह पत्रिका विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध, सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

### राज्यपाल करेंगी 'किलकारी' बालगृह का लोकार्पण

कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल विवि परिसर में नव निर्मित बालगृह 'किलकारी' का लोकार्पण करेंगी। कुलपति ने बताया कि यह सुविधा विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के छोटे बच्चों के लिए विकसित की गई है, जिससे वे सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में रह सकें और शिक्षक, कर्मचारी अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

प्रेस वार्ता के उपरांत मीडिया में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु

15. **20-06-2026**- मेंहदी प्रतियोगिता - मेंहंदी प्रतियोगिता का आयोजन डा दीप्ति गिरी द्वारा किया गया जिसे ऑनलाइन माध्यम से छात्राओं ने प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में कुल १५ छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें बुशरा फिरदौस विज्ञानं स्नातक प्रथम, शालिनी पांडेय कला द्वितीय एवं अंकिता विश्वकर्मा बी बी ऐ तृतीय स्थान पर रही।





























16. Photography Competition फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन डा आशुतोष वर्मा और उनकी टीम के द्वारा समपन्न किया गया। इस प्रतियोगिता की थीम नेचर फोटोग्राफी थी सभी छात्रों ने सुन्दर फोटोग्राफी प्रस्तुत की। कुल २४ प्रविष्टियां प्राप्त हुई जिनमें प्रथम स्थान पर आस्था शुक्ल फोटो नो १०, द्वितीय स्थान पर अनामिका सिंह फोट नो १४, एवं तृतीया स्थ पर अब्दुल क़ादिर फोटो संख्या १ रहे।




**Photo No. 01 - Abdul Qadir. M.Sc ( Botany )**



**Photo No. 02 & 03 - Harshita Singh**
**JRA ( Botany )**





**Photo No. 04 & 05 - Harshita Singh**
**JRA ( Botany)**






**Photo No. 06 & 07 - Pratigya Tripathi**
**Ph.D Scholar ( Chemistry )**




**Photo No. 08 - Soni Yadav**
**Ph.D Scholar ( Zoology )**



**Photo No. 09 - Antra Mishra**
**Ph.D Scholar ( Commerce)**



Photo No. 10- Astha Shukla. Ph.D Scholar ( Commerce )



Photo No. 11 - Shweta Bhatt. Ph.D Scholar (Chemistry)






**Photo No. 14& 15 - Anamika Singh**
**Ph.D Scholar ( Botany)**





**Photo No. 16 & 17 - Anamika Singh**
**Ph.D Scholar ( Botany)**





**Photo No. 18 & 19 - Anamika Singh**
**Ph.D Scholar ( Botany)**



Photo No. 20 - Shreya Mishra
Ph.D Scholar ( Botany )




Photo No. 21 - Soni Yadav
Ph.D Scholar ( Zoology )



Photo No. 22 - Anamika Singh
Ph.D Scholar ( Botany )



Photo No. 23 - Abdul Qadir
M.Sc ( Botany )





Photo No. 24 & 25 - Abdul Qadir . M.Sc ( Botany )







Photo No. 26 – Mh. Asif
BA Student

Photo No. 27 – Suhel Anis
BA Student



Photo No. 28 – Salman Khan
BA Student




Photo No. 29 – Mh. Amirudhin
BA Student



Photo No. 30 - Swati Tripathi M.Sc (Zoology)




Photo No. 31,32- Astha Shukla. Ph.D Scholar ( Commerce )

17. **20-06-2026**-Bhajan Gayan Pratiyogita भजन गायन प्रतियोगिता का सञ्चालन डा दिनेश प्रसाद ने अपनी सहयोगी टीम के साथ संपन्न किया। इस कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से छात्रों द्वारा कराया गया। सुन्दर प्रस्तुति के साथ छात्रों ने सहभागिता की। कुल ०९ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें से सौम्य मौर्या प्रथम स्थान पर रही , द्वितीय स्थान पर सुजीत मौर्या और तृतीया स्थान पर शिवानी जायसवाल एवं प्रगति उपाध्याय रहे।










गायन में प्रतिभाग करती छात्राएं

18. **21-06-2026** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा दो स्थल चिन्हित किये गए। पहला स्थल विश्वविद्यालय ग्राउंड और दूसरा स्थल पिपरहवा स्तूप क्षेत्र निर्धारित किया गया। माननीय कुलपति प्रो कविता शाह जी के साथ समस्त विश्वविद्यालय परिवार द्वारा योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। योग प्रशिक्षुओं ने सभी को लयबद्ध तरीके से योग कराया तदुपरांत सभी तो छाछ और पोहा वितरण किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो सत्येंद्र दुबे द्वारा किया गया। पिपरहवास स्तूप पर कार्यक्रम डा प्रज्ञेष नाथ त्रिपाठी द्वारा संचालित किया गया जिसमें ग्रामीण अंचल के लोगों ने भी प्रतिभाग किया।



योग क्रियाओं के लिए जागरूक करतीं माननीय कुलपति जी



विश्वविद्यालय प्रांगण में योग अभ्यास



विश्वविद्यालय में योग करते छात्र छात्राएं



पिपरहवा स्तूप प्रांगण में  योग



NCC कैडेट्स के द्वारा स्तूप प्रांगण में योग

19. **22-06-2026** साइबर सिक्योरिटी पर वर्कशॉप स्थानीय पुलिस द्वारा बढ़ते साइबर अपराधों पर एक कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय सभागार में कराया गया। जिसमें आज के बदलते परिवेश में स्वयं को सुरक्षित रखने के गुण सिखाये गए । इस कार्यशाला से कर्मचारी शिक्षक व् शोध छात्र लाभान्वित हुए।




साइबर सेल की सी ओ रोहिणी यादव सुरक्षा नियम बताते हुए







सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में उपस्थित शिक्षक , छात्र एवं कर्मचारी गण

सी ओ सदर विश्वजीत सौरयाण साइबर अपराधों को समझाते हुए



अमर्यादित पोस्ट डालकर छवि खराब करने जुटे हैं।

# डिजिटल प्लेटफार्म का करें सावधानी से उपयोग

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सीओ साइबर सेल रोहिणी यादव ने सोमवार को कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म का सावधानी पूर्व उपयोग करना चाहिए। छात्रों को इसके लिए विशेष रूप से जागरूक होना चाहिए। व्यक्तिगत जानकारी को शेयर करने से बचना चाहिए। किसी भी प्रकार की अगर कोई संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि दिखती है तो इसकी सूचना तत्काल साइबर थाना को दें। साइबर अपराध से बचाव का एकमात्र मार्ग जागरूकता है।

सीओ साइबर सेल रोहिणी यादव ने यह बातें सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में कहीं। वह सिवि में आयोजित साइबर सुरक्षा से बचाव संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला में छात्रों को प्रशिक्षित किया। सीओ सदर विश्वजीत सौरयान ने कहा कि साइबर अपराध के कई रूप हैं। फिशिंग, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, सोशल मीडिया हैकिंग, साइबर बुलिंग, सेक्सटार्शन, फर्जी नौकरी आदि का झांसा देकर साइबर अपराध की घटनाएं घटित हो रही हैं।

कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान करती सीओ साइबर सेल रोहिणी यादव • जागरण

साइबर क्राइम सेल के सत्येंद्र मल्ल ने कहा कि कम्प्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल नेटवर्क के होने वाले साइबर अपराध होते हैं। इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है। कुलसचिव डा. अश्वनी कुमार ने कहा कि एआई के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध की प्रकृति में भी बदलाव हो रहा है। एआई तकनीकी जहां शिक्षा, अनुसंधान और प्रशासनिक कार्य के लिए उपयोगी हैं, वहीं इसका दुरुपयोग कर अपराधी साइबर अपराध कर रहे हैं। प्रो. दीपक बाबू मिश्रा, प्रो. नीता यादव, प्रो. जीतेंद्र कुमार, प्रो. सत्येंद्र कुमार दुबे, प्रो. लक्ष्मण, डा. आभा द्विवेदी, डा. विनीत, डा. विशाल गुप्ता, डा. विनीता, डा. रक्षा, दिलीप द्विवेदी समेत अन्य मौजूद रहे।

News

20. **20-06-2026** महिला सम्मलेन का आयोजन डा मनीषा बाजपेयी के द्वारा अपनी सहयोगी टीम के साथ किया गया। २२ जून २०२६ को सांय ४ बजे से ५ बजे तक ऑनलाइन माध्यम से महिला सम्मलेन कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण , स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता , विभिन्न क्षेत्रों में महिला नेतृत्व इत्यादि पर विचार विमर्श किया गया। वक्ता श्रीमती नीलम पांडेय , निदेशक गोरखपुर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड रही । विशिष्ट वक्ता के रूप में डा कुसुम कुशवाहा (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) रही। विश्वविद्यालय की समस्त महिला शिक्षिकाएं एवं छात्राएं ऑनलाइन प्रतिभाग कर रही थी।






**डॉ. कुसुम कुशवाहा, एमबीबीएस, (स्त्री एवं प्रसूति रोग),**

21. 23-06-2026 शैक्षणिक सेमिनार - छात्रों के लिए उपयोगी शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन 23-06-2026 को कला संकाय भवन में किया गया जिसमें डा संतोष सिंह और इनकी टीम ने सहभागिता की। कुल ७० छात्रों ने इस सेमिनार में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डा सत्यम मिश्रा थे। सेमीनार का विषय था "यूसेज ऑफ़ विकिपीडिया इन एकेडेमिक्स "




छात्रों को विकिपीडिया के बारे में समझाते डा सत्यम मिश्रा

22. **24-06-2026** देश भक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन डा मनीष शर्मा द्वारा किया गया जिसमें उनकी टीम के सभी सदस्य छात्रों को प्रेरित कर देशभक्ति की और ले गए। कार्यक्रम में शिवानी जायसवाल विधि संकाय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, द्वितीय स्थान पर हिंदी की शोध छात्रा अल्पना रही और तृतीय स्थान पर विधि की समीक्षा यादव रही।




देश भक्ति गीत गाते छात्र छात्राएं

23. 24-06-2026 प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता - अपने विश्वविद्यालय को जाने इस विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन डा सच्चिदानंद चौबे और उनकी सहयोगी टीम के द्वारा किया गया जिसमें छात्रों ने अधिक संख्या में ऑनलाइन क्विज में प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान अंकिता विश्वकर्मा बी बी ऐ , नमन पांडेय एम् ऐ द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर स्वाति त्रिपाठी एम् एस सी जीवविज्ञान की छात्र रही। गूगल फॉर्म के माध्यम से इस प्रश्नोत्तरी को कराया गया।

**List of participants**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Asif seraj | 39 | ABDUL MOBEEN | 77 | Pooja | 115 | Irshad Ahmad |
| 2 | Ragini agrahari | 40 | Reema chaudhary | 78 | Neha | 116 | Rajesh Raj Joshi |
| 3 | Subham Tripathi | 41 | Abhishek Yadav | 79 | Muskan Kaushal | 117 | SHOAIB AKHTAR |
| 4 | Sakshi Pandey | 42 | Ram Niwas | 80 | Surya Prakash | 118 | Dhanishtha Chandra |
| 5 | Ankita Vishwakarma | 43 | Tauleshwar nath gupta | 81 | Adarsh Jaiswal | 119 | ANAND KUMAR SHAH |
| 6 | Udayraj Prajapati | 44 | Naveen Yadav | 82 | Mritunjai mishra | 120 | Sayma Praveen |
| 7 | Bhanu | 45 | Aditya Mishra | 83 | Kumari Nisha | 121 | Ankita Pandey |
| 8 | Sakshi pandey | 46 | Suhel Anish | 84 | Banty Pandey | 122 | Kartikeya Kumar Varma |
| 9 | Anushka tripathi | 47 | Satyama pathak | 85 | Dharmendra Kumar | 123 | Devid Kumar |
| 10 | Arpit tiwari | 48 | Hema | 86 | Anchal Maddheshiya | 124 | Minakshi shukla |
| 11 | Shivanshu Chaurasiya | 49 | Amrita pandey | 87 | Pragya Rai | 1205 | Manisha |
| 12 | Shah Fahad Ahmad | 50 | Abhishek yadav | 88 | Ekta mishra | 126 | Shambhu Jaiswal |
| 13 | Mr.santosh shukl | 51 | Niharika Pandey | 89 | Manish Kumar Jaiswal | 127 | Ruchi Singh |
| 14 | Vivek Kumar | 52 | Shaista Nasrin | 90 | Rupali kumari | 128 | Ram Kumar Ahir |
| 15 | Pankaj Kumar | 53 | Bipul Kumar Mishra | 91 | Rupali kumari | 129 | Prachi Mishra |
| 16 | Antra Mishra | 54 | Kuldeepak Yadav | 92 | KRISHNA PRASAD | 130 | Riya Upadhyay |
| 17 | Raja Gupta | 55 | Anchal Gupta. | 93 | Navneet Upadhyaya | 131 | Manish Kumar |
| 18 | Prem Kumar | 56 | Amrita pandey | 94 | Foolchand | 132 | Shaheen Parveen |
| 19 | Anchal Barnwal | 57 | Anjali Pandey | 95 | Rahul kumar | 133 | Jyoti Paswan |
| 20 | Deepali mishra | 58 | Manmohan Kumar | 96 | Anil Kumar | 134 | Reetu Gupta |
| 21 | Ratan Priya Mishra | 59 | Aarti Sahni | 97 | KALPANA TIWARI | 135 | Aryan rav |
| 22 | Ram Prayas Singh | 60 | Sahil | 98 | Archita yadav | 136 | Kamakhya banka |
| 23 | Anubhav Mishra | 61 | Aftab Alam | 99 | SHIVANSH | 137 | ABHISHEK MISHRA |
| 24 | Naman Pandey | 62 | Vatan Maurya | 100 | Pradeep | 138 | Rishabh shukla |
| 25 | Rahul Tripathi | 63 | Manisha kasaudhan | 101 | Renuka | 139 | Pragati Upadhyay |
| 26 | Ravi Nandan Chaudhari | 64 | Suman | 102 | Ashish Kumar Vishwakarma | 140 | Anshu Agrahari |
| 27 | Manoj kumar | 65 | Fiza khatoon | 103 | Raju | 141 | Sandeep Kumar Mishra |
| 28 | Ajay chaurasiya | 66 | Pooja Vishwkarma | 104 | Yash Mishra | 142 | Aditi Pandey |
| 29 | Manisha Singh | 67 | Afreen bano | 105 | Ayushi Mishra | 143 | Naushin saba |
| 30 | Ayush Singh | 68 | Neha singh | 106 | Ayushi Mishra | 144 | Dhwani Gautam |
| 31 | Nigam gautam | 69 | Vivek Kumar Bharti | 107 | Ruchi jaiswal | 145 | RAJNISH |
| 32 | Abhishek Tripathi | 70 | Ashok Prajapati | 108 | Swati Tripathi | 146 | REETIKA |
| 33 | Vishwa srivastav | 71 | Annu Chaurasiya | 109 | Neha Chaudhary | | |
| 34 | Anchal kasaudhan | 72 | Ashish Chaturvedi | 110 | Akriti Tiwari | | |
| 35 | Aradhya dubey | 73 | Shivangi tiwari | 111 | Nidhi Sahani | | |
| 36 | Muskan jaiswal | 74 | Shikha Pathak | 112 | Vineet Kumar | | |
| 37 | ABDUL MOBEEN | 75 | Prakriti | 113 | Premkala yadav | | |
| 38 | Chandra kishore | 76 | Tanu Pandey | 114 | Sachin Kumar | | |

24- **24-06-2026** छात्रों के मध्य विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी जिसमें खो खो(पुरुष ), खो खो (महिला) , कबड्डी, रिले रेस एवं कबड्डी महिला वर्ग प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस कार्यक्रम को डा विशाल गुप्ता की टीम के द्वारा पूर्ण किया गया।

खो खो प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में टीम बी का प्रदर्शन बेहतरीन रहा और विजेता घोषित हुई।

| Team A | Team B |
|---|---|
| Amit (captain) | Abhishek Mishra |
| Aditya | Sandeep Kumar Mishra |
| Ankit | Ankesh Kumar Verma (Captain) |
| Raju Yadav | Chandra Kishor Mishra |
| Nagendra Yadav | Manish Kumar Gupta |
| Vishal Kumar | Dev Mangalam TRipathi |
| Chandra Kishor | Avaneesh Kumar |
| Akash | Vanshi dhar |
| Santosh | Praveen Gupta |

**परिणाम: टीम B विजेता**



खो खो(पुरुष )

## कबड्डी प्रतियोगिता प्रतिवेदन (पुरुष वर्ग)

दीक्षोत्सव 2025-26 के अंतर्गत दिनांक 24 जून 2026 को पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में टीम A एवं टीम B के मध्य रोमांचक मुकाबला हुआ। दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, साहस एवं टीम भावना का प्रदर्शन किया।

कड़े संघर्ष के पश्चात **टीम A** ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। टीम A के कप्तान **अमित** के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का समापन विजेता टीम को बधाई एवं सभी प्रतिभागियों की सराहना के साथ हुआ।

| Team A | Team B |
|---|---|
| Amit (captain) | Abhishek Mishra |
| Aditya | Sandeep Kumar Mishra |
| Ankit | Ankesh Kumar Verma (Captain) |
| Raju Yadav | Chandra Kishor Mishra |
| Nagendra Yadav | Manish Kumar Gupta |
| Vishal Kumar | Dev Mangalam TRipathi |
| Chandra Kishor | Avaneesh Kumar |
| Akash | Vanshi dhar |
| Santosh | Praveen Gupta |

**परिणाम: टीम A विजेता**




कबड्डी प्रतियोगिता

## रिले रेस प्रतियोगिता प्रतिवेदन (पुरुष वर्ग)

दीक्षोत्सव 2025-26 के अंतर्गत दिनांक 24 जून 2026 को पुरुष वर्ग की रिले रेस प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में

प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी गति, समन्वय एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता अत्यंत रोमांचक रही तथा सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के पश्चात **प्रवीण गुप्ता** ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया।

प्रतियोगिता का समापन विजेता प्रतिभागी को बधाई तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना के साथ हुआ।

**परिणाम:**

**प्रथम स्थान – प्रवीण गुप्ता**
**द्वितीय स्थान – अवनीश कुमार**
**तृतीय स्थान – संदीप कुमार मिश्रा**



रिले रेस प्रतियोगिता

**कबड्डी प्रतियोगिता (**महिला वर्ग)

महिला वर्ग की **कबड्डी प्रतियोगिता** का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता में **टीम A** तथा **टीम B** के मध्य अत्यंत रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबला आयोजित किया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी

शारीरिक दक्षता, फुर्ती, रणनीतिक क्षमता एवं सामूहिक समन्वय का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह एवं खेल भावना दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। **टीम A** का नेतृत्व **हर्षिता त्रिपाठी (कप्तान)** द्वारा तथा **टीम B** का नेतृत्व **हर्षिता सिंह (कप्तान)** द्वारा किया गया। कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले के पश्चात **टीम A** ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। निर्णायकों द्वारा टीम A को प्रतियोगिता का **विजेता** घोषित किया गया। विजेता टीम की कप्तान **हर्षिता त्रिपाठी** एवं उनकी टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों के उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना की सराहना की गई। यह प्रतियोगिता छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सहयोग तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में अत्यंत सफल रही।

**परिणाम :**

**महिला कबड्डी प्रतियोगिता – टीम A विजेता घोषित।**



महिला कबड्डी प्रतियोगिता

**खो-खो प्रतियोगिता प्रतिवेदन (**महिला **वर्ग)**

महिला वर्ग की **खो-खो प्रतियोगिता** का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में **टीम A** तथा **टीम B** के मध्य रोमांचक मुकाबला हुआ। दोनों टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टीम A का नेतृत्व **हर्षिता त्रिपाठी**

तथा टीम B का नेतृत्व **हर्षिता सिंह** ने किया। खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, रणनीति एवं सामूहिक समन्वय का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

| **Team A** | **Team B** |
|---|---|
| Mahak Patil | Sweta Patil |
| Archita Yadav | Pratigya Tripathi |
| Sadhana Pandey | Shreya Mishra |
| Harshita Tripathi (Captain) | Abamika Singh |
| Pragati | Harshita Singh (Captain) |
| Aditi Pandey | Anjali Pandey |
| Alpana | Diksha Singh |
| Pratima singh | Ashtha Shukla |
| Anshika agrahari | Suraksha |

कड़े एवं प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले के पश्चात **टीम B** ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। निर्णायकों द्वारा टीम B को प्रतियोगिता का **विजेता** घोषित किया गया। विजेता टीम की कप्तान **हर्षिता सिंह** तथा उनकी टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सदस्यों एवं विश्वविद्यालय प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता का समापन खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रदान करते हुए किया गया। इस आयोजन ने छात्राओं में खेल भावना, नेतृत्व क्षमता तथा टीम वर्क को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**परिणाम:**
**खो-खो प्रतियोगिता (महिला वर्ग) – टीम B विजेता घोषित**।



खो-खो प्रतियोगिता

25- **25-06-2026** माननीय कुलाधिपति जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर को अनिवार्य रूप से सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाया जाने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन कुलसचिव सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा किया गया जिसमें सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी की वे न तो सिंगल यूज़ पल्स्टिक का उपयोग करेंगे न ही विश्वविद्यालय परिसर में किसी को ऐसे प्लास्टिक का इस्तेमाल करने देंगे। सफाई अभयं प्रत्येक बुधवार को चलाया जायेगा जिसमें छात्र कैंपस का भ्रमण करेंगे और यदि कहीं भी प्लास्टिक उपयोग में लायी जा रही होगी तो उसे तत्काल प्रभाव से मना किया जायेगा। भविष्य में छात्रों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित किया जायेगा।




प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ लेते कर्मचारी




कर्मचारियों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की नीतियों से अवगत करते कार्यालय अधीक्षक श्री विवेक सिंह

26-**25-06-2026** नक्षत्र वाटिका का शुभारम्भ - आज माननीय कुलपति जी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में एक नक्षत्र वाटिका की पहल की। माननीय कुलाधिपति महोदया के मिरदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में नक्षत्र वाटिका बनायीं जाये जैसी माननीय कुलपति प्रो कविता शाह जी द्वारा आज स्थान दिया गया और उसमें नक्षत्रों के आधार पर पौधे भी रोपित किये गए।



एक सुन्दर कुश का पौधा वाटिका का रूप सुनहरा



सुन्दर नक्षत्र वाटिका का सृजन माननीय कुलपति जी के विज़न से



पौधा रोपित करती माननीय कुलपति प्रो कविता शाह सिद्धार्थ विश्वविद्यालय



माननीय कुलपति जी के साथ पौधा रोपण

# विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव में कार्यक्रम

विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराये जाने हेतु माननीय कुलाधिपति कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान पोर्टल से जोड़ा गया। ग्रामीण अंचलों का भ्रमण विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। निम्नलिखित कार्य दीक्षांत उत्सव के अंतर्गत किये गए।

a. गोद लिए गए गांव में "मेरी माँ " प्रतियोगिता - प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने मेरी माँ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा सुन्दर चित्र बना कर प्रस्तुत किये।




प्रथम स्थान




द्वितीय स्थान




द्वितीय स्थान




तृतीय स्थान




तृतीय स्थान




तृतीय स्थान






सांत्वना पुरुस्कार

b. माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार दीक्षोत्सव में गोद लिए हुए गांवों में प्रतियोगिताएं कराये जाने हेतु शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल सभी प्राइमरी और जूनियर हाई स्कूल में गए। छात्रों के ग्रीष्म कलाएँ अवकाश के कारण उनकी उपस्थिति नहीं थी किन्तु जो छात्र आस पास के ग्रामीण अंचलों के थे उन्हें प्रोत्साहित किया गया और उन्होंने प्रतियोगिताएं में सहभागिता की। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा ३-८ के विद्यार्थियों ने मेरी माँ पर चित्रकला बनायीं वहीँ कक्षा ९-१० के विद्यार्थियों ने देश प्रेम से सम्बंधित चित्रकला का प्रदर्शन किया।




भगत सिंह , प्रथम
निशा कुमारी कक्षा १०
राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरवा



राष्ट्रीय पक्षी मोर , द्वितीय
नीलम कन्नौजिआ कक्षा ९
बहोरवा




भगत सिंह तृतीय
पिंकी कक्षा १०
बहोरवा पश्चिम




सर्वधर्म समभाव तृतीय
किमकी प्रजापति कक्षा १०
बहोरवा

**नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते जूनियर स्कूल बर्डपुर के छात्र**





जूनियर स्कूल बर्डपुर के छात्राएं - नृत्य प्रस्तुत करती हुई

**गोद लिए  गए गांव में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता** - प्रथम चरण में सभी जूनियर स्कूल और प्राइमरी स्कूल में प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गयी तदुपरांत चुने गए प्रतिभागियों में से पुनः चित्रकला प्रतियोगिता कराई गयी और विजेता घोषित किये गए और पुरुस्कृत किये गए।




चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र




पंचगवान पिपरहवा के छात्र चित्रकला प्रतियोगिता में




प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र  जूनियर स्कूल पिपरहवा, बहोरवा

## आंगनवाड़ी केंद्र

आंगनवाड़ी केंद्रों पर विश्वविद्यालय की नोडल अधिकारी एवं समवयक महिला अध्ययन केंद्र प्रो नीता यादव के साथ उनकी टीम के डा सरिता सिंह , डा रविकांत शुक्ल, डा हरेंद्र शर्मा द्वारा निरिक्षण किया गया वह साफ सफाई , भोजन इत्यादि की व्यवस्था को देखा गया और उन्हें माननीय कुलाधिपति की मंशानुसार स्वच्छता, पोषण इत्यादि की जानकारी प्रदान की गयी।  टीम ने विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर जाकर स्वयं साफ सफाई की देख रेख की और  आंगनवाड़ी केंद्रों के कार्यकत्रियों से मुलाकात कर पूर्ण जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें निर्देशित भी किया गया की सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए छात्रों के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

# जनपद सिद्धार्थनगर के आंगनवाड़ी केन्द्रों का विवरण

| आंगनवाड़ी केन्द्र का नाम | आंगनवाड़ी कार्यकत्री का नाम | 03 से 06 वर्ष के बच्चों की संख्या | | 06 माह से 03 वर्ष के बच्चों की संख्या | | गर्भवती महिलाओं की संख्या | दूध पिलाने वाली महिलाओं की संख्या (0 से 06 माह तक के बच्चे) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालक | बालिकाएं | बालक | बालिकाएं | | बालक | बालिकाएं |
| बहोरवा (उत्तरी) | रूपावती (प्रभार) | कुल 20 | | कुल 19 | | 01 | कुल 00 | |
| | | 10 | 10 | 09 | 10 | | 00 | 00 |
| बनकटवा | रूपावती | कुल 43 | | कुल 37 | | 09 | कुल 05 | |
| | | 28 | 15 | 25 | 12 | | 02 | 03 |
| बैरखा (1) | अर्पिता | कुल 19 | | कुल 38 | | 02 | कुल 01 | |
| | | 14 | 05 | 22 | 16 | | 01 | 00 |
| बहोरवा (दक्षिण) **(भवन निर्मित नहीं)** | स्नेहलता चौधरी | कुल 33 | | कुल 48 | | 08 | कुल 08 | |
| | | 14 | 19 | 28 | 20 | | 05 | 03 |
| कपिलवस्तु (पिपरहवा) **(जर्जर एवं यहाँ संचालित नहीं है)** | सुशीला | कुल 36 | | कुल 41 | | 16 | कुल 05 | |
| | | 13 | 23 | 25 | 16 | | 02 | 03 |
| ठकुरापुर | किरन देवी शीला देवी (सहायिका) | कुल 47 | | कुल 54 | | 05 | कुल 07 | |
| | | 27 | 20 | 27 | 27 | | 03 | 04 |
| पोखरभिटवां **(बर्डपुर न. 1)** | अर्चिता गौतम | कुल 55 | | कुल 74 | | 09 | कुल 13 | |
| | | 30 | 25 | 39 | 35 | | 08 | 05 |




आंगनवाड़ी केंद्र ठाकुरपुर में जानकारी प्राप्त करने के पश्चात फोटो




आंगनवाड़ी केंद्र  बैरखा



आंगनवाड़ी केंद्र बहोरवा



आंगनवाड़ी केंद्र बहोरवा उत्तर , प्राइमरी स्कूल के छात्र भी सम्मिलित हैं



आंगनवाड़ी केंद्र बहोरवा उत्तर , प्राइमरी स्कूल के छात्र भी सम्मिलित हैं



आंगनवाड़ी केंद्र पंचगवान



आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से आंगनवाड़ी केंद्रों की सफाई सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करती प्रो नीता यादव




आंगनवाड़ी कार्यकत्री अपनी समस्याओं को सुनाती हुई



आंगनवाड़ी कार्यकत्री अपनी समस्याओं को सुनाती हुई

# ग्रामीण अंचल में हस्त शिल्प



गनवरिया में हस्त शिल्प कौशल की जानकारी प्राप्त करते शिक्षक



ग्रामीण महिलाओं से बातचीत - प्रो  नीता यादव और डा सरिता सिंह साथ में डा अरविन्द कुमार रावत



क्षय रोगियों से मुलाकात



मिटटी के बर्तन बनाने की कला



मिटटी के बर्तन बनाने की कला की जानकारी प्राप्त करने के बाद फोटो



बर्तन पकाने  की भट्टी - ग्राम गनवरिया  प्रो नीता यादव, डा सरिता सिंह और डा अरविन्द कुमार रावत

## विश्वविद्यालय के गौरव के क्षण - माननीय कुलपति प्रो कविता शाह शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल



हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

अपना सिद्धार्थनगर

# विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल हुईं प्रो. कविता शाह, बढ़ाया मान

**उपलब्धि**

**2025 में मिला साइरैंक ग्लोबल रजिस्ट्री स्थान, शोध व योगदान को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान**

- शोध, नवाचार और पेटेंट के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है सिद्धार्थ विश्वविद्यालय: कुलपति
- प्रो. कविता शाह देश की अग्रणी पर्यावरण वैज्ञानिकों में गिनी जाती हैं

कुलपति प्रो. कविता शाह।

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु की कुलपति प्रो. कविता शाह को प्रतिष्ठित साइरैंक ग्लोबल रजिस्ट्री-2025 में विश्व के शीर्ष पांच फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों, वैज्ञानिक योगदान व अकादमिक उत्कृष्टता की वैश्विक स्तर पर मिली मान्यता का प्रमाण है। कुलपति की इस सफलता से विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

प्रो. कविता शाह देश की अग्रणी पर्यावरण वैज्ञानिकों में गिनी जाती हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, प्रदूषण नियंत्रण व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्य किए हैं। उनके शोध प्रकाशनों और वैज्ञानिक अध्ययनों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सराहना और मान्यता प्राप्त हुई है।

साइरैंक ग्लोबल रजिस्ट्री की ओर से वैज्ञानिकों का मूल्यांकन शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता, अंतरराष्ट्रीय उद्धरण (साइटेशन), शोध प्रभाव, नवाचार और अकादमिक योगदान जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर किया जाता है। इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान प्राप्त करना किसी भी वैज्ञानिक के लिए वैश्विक सम्मान की बात मानी जाती है।

प्रो. कविता शाह ने कहा कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय अब अपनी बाल्यावस्था से आगे बढ़कर नई पहचान स्थापित कर रहा है। विश्वविद्यालय के शिक्षक और शोधार्थी कठिन परिश्रम के बल पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहे हैं व राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पेटेंट प्राप्त कर बुद्ध की पावन धरती को ज्ञान और शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अल्प समय में ही सिद्धार्थ विश्वविद्यालय देश के लंबे समय से स्थापित प्रमुख विश्वविद्यालयों की श्रेणी में अपना स्थान बनाएगा।

# सादर धन्यवाद

